Reg. No. | | | | | | | | | |

HRDHDL 254

IV Semester B.A.(HRD) Degree Examination, April/May 2019

(Credit Based Semester Scheme)

(2016-17 Batch onwards)

HINDI LANGUAGE

Group I – Paper IV

Time : 3 Hours] [Max. Marks : 80

I. एक शब्द या एक वाक्य में उत्तर लिखिए। **(5 × 1 = 5)**

1. पागल आया कितनी किताबें लिखने का दावा करती है?
2. मसरूफ पति बार–बार किसका घर जाना चाहता है?
3. 'वसंत ऋतु का नाटक' एकांकी के रचनाकार कौन है?
4. अविनाश की माँ अपने बेटे से क्यों नाराज थी?
5. युवक कितने रुपये का इंश्योरेंस बनाता है?

Shri Dharmasthala Manjunatheshwara College of Business Management Library MANGALORE - 575 003

II. **किन्हीं तीन** अवतरणों का संदर्भ सहित अर्थ स्पष्ट कीजिए। **(3 × 5 = 15)**

1. हम अपनी आत्मा से रचते हैं और शरीर से नाश कर देते हैं कि फिर अपने सत्य से उसे सजाएँ।
2. बात यह है शुक्लजी, वह लड़का मुझे पसंद नहीं आया।
3. मरकर बचा है, बेटी। दस दिन बीत गए, पर अभी तक दफ्तर नहीं जाता।
4. मजे से खा लिया। फिर एक गिलास ठंडा–ठंडा पानी --------।

III. **किन्हीं दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(2 × 10 = 20)**

1. 'ताँम्बे के कीडे' एकांकी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।
2. 'वसन्त ऋतु का नाटक' एकांकी के आधार पर धर्मेंद्र का चरित्र चित्रण कीजिए।
3. 'संस्कार और भावना' एकांकी में अभिव्यक्त विसंगतियों का चित्रण कीजिए।
4. 'हरि घास पर घंटे भर' एकांकी का सार लिखिए।

IV. किन्हीं दो पर टिप्पणी लिखिए। **(2 × 5 = 10)**

1. परेशान रमणी
2. जजसाहब
3. अविनाश
4. अधेड स्त्री–पुरुष

V. (अ) खराब पैकिंग के लिए मंगल ग्लास हाउस की ओर से ओगले ग्लास कंपनी को एक शिकायती पत्र लिखिए। **(5)**

अथवा

भारत सरकार मानव संसाधन मंत्रालय की ओर से केन्द्र सरकारी कर्मचारियों को हिन्दी परीक्षा पास करने पर मिलनेवाली वेतन वृद्धि से सम्बंधित एक कार्यालय ज्ञापन तैयार करके शिक्षा मंत्रालय को भेजिए।

(आ) निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। **(5)**

रज्जब एक कसाई था। वह रोजगार करके अपने घर लौट रहा था। आगे का रास्ता भयंकर और सुनसान था। इसलिए रज्जब ने रात को पास के गाँव में रूक जाना ठीक समझा। परन्तु ठहरे कहाँ? कसाई को जगह कौन देगा? उसने कई लोगों से रुकने को जगह माँगी तो किसी ने नहीं माना। गाँव में एक ठाकुर रहता था। लोग उसे डर के मारे 'राजा' कहते थे। मुसीबत का मारा रज्जब ठाकुर के घर आ पहुँचा। जब ठाकुर को मालूम हुआ कि वह कसाई है तो वह बड़ा ही क्रोधित हुआ और बोला – "जानते हो यह किसका घर है! यहाँ आने की हिम्मत कैसे की तुमने?" रज्जब बोला –यह राजा का घर है, इसलिए मैं शरण में आया हूँ। यह सुनकर ठाकुर की कठोरता दूर हो गयी। उसने रज्जब को थोडी जगह दे दी।

1. रज्जब को रास्ते के गाँव में क्यों रुकना पड़ा?
2. गाँववालों ने उसको जगह क्यों नहीं दी?
3. लोग ठाकुर को क्या कहकर पुकारते थे?
4. ठाकुर कैसा आदमी था?
5. ठाकुर ने रज्जब के साथ कैसा व्यवहार किया?

VI. (अ) हिन्दी फिल्म के प्रख्यात अभिनेत्री के साथ एक भेंटवार्ता प्रस्तुत कीजिए। **(5)**

(आ) निम्नलिखित गद्यांश का शीर्षक देकर संक्षेपण कीजिए। (जो मूल की एक तिहाई से अधिक न हो) : **(5)**

मच्चा मित्र एक शिक्षक की भाँति होता है। जिस प्रकार शिक्षक अपने छात्र को सन्मार्ग पर ले जाता है, उसी प्रकार एक सच्चा मित्र अपने मित्र को पाप के गर्त में गिरने से बचाता है। मानव जीवन अधिक रहस्यपूर्ण है। कभी–कभी जीवन में ऐसे अवसर उपस्थित हो जाते हैं जब मनुष्य की धर्म बुद्धि नष्ट हो जाती है और उसका मन धीरे–धीरे पाप की ओर दौडता है। मित्र के उपदेश का जितना प्रभाव ह्रदय पर पड़ता है, अन्य किसी का नहीं।

VII. **किन्हीं दो** पर टिप्पणी लिखिए। **(2 × 5 = 10)**

1. संचार भाषा और हिन्दी मीडिया
2. प्रयोजन मूलक हिन्दी : प्रासंगिकता
3. सूचना प्रौद्योगिकी और हिन्दी

Shri Dharmasthala Manjunatheshwara
College of Business Management Library
MANGALORE - 575 003